Title: Need to take necessary steps for incorporation of proposals received from Members of Parliament in various plans of State Government of Bihar - Laid.

श्री ब्रज मोहन राम (पलामू): बिहार स्थित मेरे पलामू लोक सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत पलामू एवं गढ़वा जिलों के दोनों उपायुक्त जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के प्रबन्ध परिषद एजेंडा एवं मिनटस में सांसद के प्रस्ताव को नहीं लेते हैं एवं राज्य सरकार के दबाव में विधायकों द्वारा प्राप्त प्रस्ताव अपनी द्वारा प्रस्तावित योजनाओं का ही कार्यान्वयन करते हैं जबकि केन्द्र सरकार के निदेश के अनुसार सांसदों के प्रस्ताव को एजेंडा एवं मिनटस में लेकर योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाना है। यही स्थिति बिहार के सभी जिलों में है जबकि केन्द्र सम्पोषित ही सभी योजनाओं का कार्यान्वयन हो रहा है। साथ ही साथ त्वरित जलापूर्ति योजना में भी माननीय सांसदों की अनुशंसा को बिहार में नहीं ली जाती है। सरकार से मेरा आग्रह है कि बिहार सरकार को निर्देश देने की कृपा की जाये कि उपर्युक्त योजनाओं में सांसद के प्रस्ताव को भी कार्यान्वित किया जाये।